33वां

वार्षिक रिपोर्ट

2015-16

ह. स. क. क.

HSCC

एच एस सी सी (इंडिया) लि.

लाभांश प्रस्तुतिकरण समारोह – 2015–16

दिनांक 29 नवम्बर, 2016 को श्री ज्ञानेश पाण्डेय, सी. एम. डी., एच एस सी सी ने 16.38 करोड़ रुपये (प्रदत्त पूंजी का 683%) का श्री सी. के. मिश्रा, माननीय सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की उपस्थिति में श्री जगत प्रकाश नड्डा, माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को लाभांश चैक प्रस्तुत करते हुए। इस अवसर पर श्री के. बी. अग्रवाल (अपर सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय), श्री अरुण सिंघल, (संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय), श्री सुधीर कुमार (संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) तथा एचएस सी सी की ओर से श्री एस. के. जैन, निदेशक (इंजीनियरिंग), श्री एस. सी. गर्ग, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं), श्री सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य महा प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) तथा मंत्रालय और एच एस सी सी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में चैक प्रस्तुत किया गया।



श्री जगत प्रकाश नड्डा
माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य
एवं
परिवार कल्याण मंत्री

श्री फग्गन सिंह कुलस्ते
माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य
एवं
परिवार कल्याण राज्य मंत्री

श्रीमती अनुप्रिया पटेल
माननीय केन्द्रीय स्वास्थ्य
एवं
परिवार कल्याण राज्य मंत्री

श्री सी. के. मिश्रा
माननीय सचिव
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

निदेशक मंडल

श्री ज्ञानेश पाण्डेय
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

श्रीमती विजया श्रीवास्तव
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

श्री के. सी. सामरियां
संयुक्त सचिव, अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय
पूर्व जे.एस., स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

श्री एस. के. जैन
निदेशक (इंजीनियरिंग)

विषय–सूची

अध्यक्ष महोदय का भाषण 01

दृष्टि, लक्ष्य, कॉरपोरेट मूल्यांकन तथा कॉरपोरेट गुणवत्ता नीति 04

सेवा वर्णक्रम 05

शेयर धारकों को सूचना 06

कार्य निष्पादन पर एक नजर 07

वित्तीय सारांश 09

निदेशक मंडल की रिपोर्ट 10

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां 28

सचिवालय लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट 32

स्वतंत्र लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट 37

31.03.2016 को तुलन–पत्र 45

31.03.2016 को समाप्त वर्ष का लाभ एवं हानि लेखा 46

31.03.2016 को समाप्त वर्ष का नकद प्रवाह विवरण 47

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां (टिप्पणी संख्या –1) 48

टिप्पणी संख्या 2–19 53

वित्तीय विवरणों की अतिरिक्त टिप्पणियां (टिप्पणी संख्या –20) 60

अध्यक्ष महोदय का भाषण



प्रिय अंशधारकों,

एच एस सी सी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की ओर से, मुझे आपकी कम्पनी की 33वीं वार्षिक आम–सभा बैठक (ए.जी.एम.) में आप सभी का स्वागत करते हुये बेहद खुशी हो रही है। आज इस अवसर पर आपके आगमन तथा वर्ष के दौरान कम्पनी को आपके अभूतपूर्व सहयोग और समर्थन के लिये मैं आप सभी का हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

वर्ष 2015–16 की डायरेक्टर्स रिपोर्ट तथा वार्षिक लेखा–परीक्षक खाते पहले से ही आपके पास हैं तथा आपकी अनुमति से मैं इन्हें पढ़ने की आज्ञा चाहूँगा।

उलब्धियों की समीक्षा

जैसा कि आपने वार्षिक रिपोर्ट में देखा होगा, वर्ष 2015–16 के दौरान, हमने विकास की तर्ज पर तेजी से उन्नति करते हुये कॉरपोरेट रणनीति एवं गुणवत्ता के उच्चतम मानकों पर रहकर एक और वर्ष पूरा कर लिया है जो कम्पनी के शानदार वित्तीय परिणाम एवं उसकी मजबूत स्थिति को दर्शाते हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि विशेषरूप से जब अर्थव्यवस्था में जबरदस्त मंदी और मुद्रास्फीति में अधिकतम गिरावट तथा व्यापार जगत में चुनौतीपूर्ण माहौल के बावजूद कम्पनी ने बेहतरीन प्रदर्शन करके यह उपलब्धि हासिल की है।

मुझे आपको सूचित करते हुये खुशी हो रही है कि 31 मार्च, 2016 को वर्ष की समाप्ति तक आपकी कम्पनी ने समस्त क्षेत्रों एवं कार्यकलापों में निरन्तर प्रगति की है।

कम्पनी ने अब तक की सबसे उच्चतम कुल आय, परामर्श शुल्क, कर–पूर्व लाभ, कर–पश्चात लाभ, राजस्व एवं अधिशेष (सरप्लस) अर्जित किया है।

मुझे शेयर–होल्डर्स को यह बताते हुये खुशी हो रही है कि वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान, गत वर्ष की 1106.98 करोड़ रूपये वृद्धि के परिणामस्वरूप कुल आय 575.77 करोड़ रूपये के मुकाबले इस वर्ष 92.26% का अधिकतम लाभ हुआ है जोकि अब तक की उच्चतम आय है। गत वर्ष की 131.28% वृद्धि के परिणामस्वरूप परामर्श शुल्क 97.78 करोड़ रूपये से बढ़कर 42.28 करोड़ रूपये हो गया है, जो भारत में औसत औद्योगिक विकास दर की तुलना में 15% अधिक है।

कम्पनी ने गत वर्ष के कर–पूर्व लाभ के तहत 37.95 करोड़ रूपये के मुकाबले 86.87 करोड़ रूपये का लाभ अर्जित किया है। कम्पनी ने वर्ष 2015–16 के तहत कर–पूर्व लाभ पर 128.91% की वृद्धि अर्जित की है। कम्पनी की गत वर्ष 122.58% वृद्धि के परिणामस्वरूप शुद्ध लाभ 24.54 करोड़ रूपये के मुकाबले इस वर्ष बढ़कर 54.62 करोड़ रूपये हो गया है। आपके सहयोग द्वारा आपकी कम्पनी ने सर्वश्रेष्ठ कार्य किया है जिसकी बदौलत एच एस सी सी भारत में ऊंचाईयों की ओर अग्रसर होकर पी एस यू का दर्जा हासिल किया है।

मुझे यह बताते हुये खुशी हो रही है कि कम्पनी ने वर्ष 2015–16 में वर्तमान वर्ष के लाभ के अलावा प्रदत्त शेयर पूंजी (पेड–अप केपिटल) 16.38 करोड़ रूपये पर 683% का सबसे उच्चतम लाभांश अर्जित किया है। लाभांश घोषित करने के लिये कम्पनी का यह लगातार 32वां वर्ष है। इस वर्ष के लाभांश का भुगतान करने पर, भारत सरकार को भुगतान किया गया संचयी लाभांश कम्पनी की चुकता इक्विटी पूंजी के 24 गुणा के आस–पास 56.81 करोड़ रूपये होगा।

हैल्थकेयर सैक्टर का प्रदर्शन

हैल्थकेयर सैक्टर का भविष्य विशेष रूप से भारत में अस्पताल वैश्विक रूख के साथ तुलना में बहुत उज्जवल है। भारत भवनों के बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं, उपकरणों, जनशक्ति और उनके प्रशिक्षण शर्तों और संबंधित क्षेत्रों में बहुत पीछे है, जिनमें कम्पनी को बहुत काम करना है।

विकसित देशों के मुकाबले भारत में 1000 मरीजों के बिस्तरों पर लगभग 0.9 बिस्तर उपलब्ध है जिनकी 1000 रोगियों के प्रति लगभग 3.4 के अनुपात से वृद्धि हुई है। बिस्तरों के बढ़ने से भवनों, उपकरणों और जनशक्ति सहित समग्र बुनियादी ढांचे में वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

स्वास्थ्य सेवाओं पर सरकार की जनशक्ति पर प्रति व्यक्ति खर्च में भी बढ़ोतरी होती जा रही है, जिसके परिणामस्वरूप चालू परियोजनाओं हेतु अन्य विकसित देशों की तरह कम करने के लिये इस तरह की बुनियादी सुविधाओं के लिये प्रयासरत हैं।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा उसके संस्थान, राज्य सरकारों से खुली बोली के माध्यम से कम्पनी को प्रबंधन परामर्श सेवाएं प्रदान करने का सबसे उच्चतम कारोबार मिला है, वर्तमान वर्ष के दौरान, इसमें विभिन्न संस्थानों और चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं को परामर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के फलस्वरुप डिजाइन एवं इंजीनियरिंग, परियोजनाओं एवं प्रापण प्रबंधन का कार्य पुरस्कृत हुआ है।

वर्ष 2015–16 में सुरक्षित महत्वपूर्ण प्रमुख परियोजनाएं

एच एस सी सी गुंटूर, कल्याणी और नागपुर में 3 नये एम्स के निर्माण की एकमात्र निष्पादन एजेंसी है।

एच एस सी सी को संपूर्ण भारत में 19 स्थानों में पी.एम.एस.एस.वाई. फेस–III के तहत पुनर्विकास काम के लिये एकमात्र निष्पादन एजेंसी के रुप में चुना गया है।

इस वित्तीय वर्ष में एच एस सी सी द्वारा सुरक्षित किये गये अन्य कार्य निम्नलिखित है:–

- नाहन, हमीरपुर व चंबा जिलों में तीन 100 मेडिकल कॉलेजों संबंधित अस्पताल
- पाली, राजस्थान में एक 100 मेडिकल कॉलेज
- विक्टोरिया अस्पताल, बंगलौर, कर्नाटक के परिसर में पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, रेडियोथेरेपी और त्वचा विज्ञान के लिये अस्पताल ब्लॉक।
- 100 नए – मेडिकल कॉलेज के निर्माण – नाहरलागुन, अरूणाचल प्रदेश में टॉनो रीबा राज्य से जुड़े अस्पताल।
- मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एम.आई.एम.ई.आर.), फॉल्कवान, मिजोरम का निर्माण।

पुरस्कार और मान्यता

एच एस सी सी को व्यापक रूप में मिले पुरस्कार और मान्यतायें निम्नलिखित हैं :–

- वर्ष 2016 में सर्वश्रेष्ठ कॉरपोरेट गवर्नेंस के लिये–सार्वजनिक उपक्रम उत्कृष्टता पुरस्कार
- स्कॉच – मेरिट अवार्ड हेतु बी.एस.ई. आर्डर–2016
- वर्ष–2016 में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, मुम्बई से स्कॉच–बी.एस.ई. से प्राप्त–स्कॉच–बी.एस.ई. प्रौद्योगिकी तैनाती हेतु पुरस्कार
- वर्ष–2016 में छत्तीसगढ़ सरकार से प्राप्त बैस्ट पी.एस.यू. –लीडरशिप अवार्ड
- वर्ष–2016 में स्वास्थ्य देखभाल सम्मेलन में – स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ – ईलेट्स लीडरशिप अवार्ड
- सफदरजंग अस्पताल का पुनर्विकास करने तथा भारत के 19 स्थानों पर मौजूदा विभिन्न सरकारी मेडिकल संस्थानों का उन्नयन करने के लिए एच एस सी सी द्वारा किये जा रहे बेहतरीन कार्य के लिये गोवा के उप–मुख्यमंत्री द्वारा नॉलेज एक्सचैंज समिट–2016 में स्पेशल ज्यूरी अवार्ड
- डिजिटल इण्डिया नॉलेज एक्सचैंज समिट–2016 में स्वास्थ्य संबंधी पेशेवर परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिये अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिये बेस्ट पी.एस.यू. पुरस्कार
- 6th हैल्थकेयर लीडर्स फोरम–2016, नई दिल्ली में देश भर के विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी देखभाल परियोजनाओं पर बहुत बढ़िया डिजिटिकरण पर काम करने के लिये विशेष मान्यता

मिनी रत्न स्थिति

वर्ष के दौरान, वर्ष 2002 में मिनी रत्न–श्रेणी–II के रूप में आंके गये पी.एस.यू. से बदल कर दिनांक 31.12.2015 से एच एस सी सी ने मिनी रत्न–श्रेणी–I के सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम का दर्जा हासिल कर लिया है।

शीर्ष प्रबंधन लगातार लागत नियंत्रण, संसाधनों और सिस्टम में सुधार के अधिकतम उपयोग करके रणनीतिक हस्तक्षेप के माध्यम से कारोबार में निरंतर वृद्धि के साथ–साथ कर–पूर्व लाभ प्राप्त करने के लिये प्रयास कर रहा है। कम्पनी ने वर्ष 2014–15 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम विभाग (डी.पी.ई.) के दिशा–निर्देशों के अनुसार हस्ताक्षर करके समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) के तहत "बहुत अच्छा" का दर्जा हासिल किया है। इसके अलावा, परिणामों के आधार पर वर्ष 2015–16 के दौरान, कम्पनी के समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) के मूल्यांकन के अनुसार "उत्कृष्ट" रेटिंग प्राप्त करने की उम्मीद है।

कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी

चूंकि कम्पनी की समस्त गतिविधियां स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के क्षेत्रों से जुड़ी हैं अतः अपनी सभी गतिविधियों और कार्यों में परोक्ष रूप से सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति समर्पित है।

वित्तीय वर्ष 2015–16 में, एच एस सी सी ने मैसर्स कृत्रिम अंग निर्माण कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत भारत सरकार का उपक्रम) के माध्यम से, सुनने से बाधित विशेष जरूरतमंद बच्चों के लिये 10 कर्णावत प्रत्यारोपण मशीन लगाने के लिये 60 लाख रूपये का योगदान दिया है। गंगा नदी को स्वच्छ करने के लिये गंगा विकास एवं उसके कायाकल्प के लिये "स्वच्छ गंगा कोष" में 49.24 लाख रूपये तथा रामकृष्ण मठ, कोलकाता में धर्मार्थ औषधालय भवन के निर्माण के लिये 5 लाख रूपये का योगदान दिया है।

लेखांकन नीतियों में बदलाव

वर्ष 2015–16 में, एच एस सी सी ने अपनी लेखांकन नीतियों में परिवर्तन किया है। समस्त सिविल परियोजनाओं में राजस्व की समस्त मान्यताएं जैसे : कम्पनी के लाभ–हानि खाते में ठेके संबंधी खर्च के मूल्य को सभी कार्यों में राजस्व के तहत मान्यता दी गयी है। ग्राहक की एफ.डी.आर. पर ब्याज से हुई आय को कम्पनी के राजस्व के रुप में मान्यता दी गयी है तथा ग्राहकों को दिए गए ब्याज को व्यय पक्ष के तहत लाभ–हानि के खाते में दर्शाया गया है।

विश्व–व्यापी कारोबार

आपकी कम्पनी ने सार्क–समूह के देशों में विदेश मंत्रालय के माध्यम से विदेशों में भी व्यापारिक अवसरों को प्राप्त करने में सफलता हासिल की है।

वृद्धि पर दृष्टि

भारत और ओवरसीज देशों में स्वास्थ्य क्षेत्रों में मूल्य–वर्धित, अभिनव और एकीकृत सेवाएं प्रदान करने वाली विभिन्न सेवाएं, अन्य बुनियादी ढ़ांचा परियोजनाओं में अपनी कोर क्षमता का लाभ एवं अपने पेशेवर कर्मचारियों को एक बल–वर्द्धक और सक्रिय काम करने का माहौल पैदा करके परामर्शदायी सेवाएं प्रदान करने वाली एक अग्रणी कम्पनी के रूप में जाना जाये।

कम्पनी को विश्व स्तर के परामर्शी संगठन के रूप में विकसित होने के लिए अपने समस्त प्रचालन क्षेत्रों में विविधीकरण एवं रख–रखाव सेवाओं का विस्तार करके ग्राहक की आधारभूत आवश्यकता को मान्यता देना।

निगमित प्रशासन

कम्पनी के समस्त प्रदर्शन में व्यापार के नैतिक आचरण को बढ़ावा देने के क्रम में अपने व्यवहार में पारदर्शिता और देश के कानूनों और नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है, जैसे : देख–रेख, पारदर्शिता, अखंडता, व्यावसायिकता, जवाबदेही तथा उचित प्रकटीकरण के पहलु।

वर्ष 2015–16 में, लेखा परीक्षा समिति ने पारिश्रमिक समिति और कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी एस आर) समिति का पुनर्गठन करने और अपने स्वतंत्र निदेशकों के कार्यकाल की समाप्ति पर कंपनी के दो निदेशकों को नामित करने पर विचार कर रही है।

आभारोक्तियां

अन्त में, निदेशक मण्डल तथा स्वयं अपनी ओर से, मैं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय तथा हमारे सभी सम्मानीय हित–धारकों को धन्यवाद देता हूँ जिनका कम्पनी पर निरन्तर विश्वास बना हुआ है तथा जो हमारे प्रेरणा–स्रोत हैं। मैं अपने सभी सम्मानीय शेयर–धारकों को धन्यवाद देता हूँ जिनका बहुमूल्य समर्थन, मार्ग–दर्शन एवं सहयोग हमें निरन्तर मिलता रहा है और जो सदैव हमारे शक्ति–स्रोत रहे हैं।

मैं कम्पनी के मूल्यवान ग्राहक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय (एम.ई.ए.), एम्स, पी.जी.आई., चण्डीगढ़, पंजाब सरकार, हरियाणा सरकार, केरल सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार तथा अन्य बिजनेस एसोसिएट्स द्वारा उनके निरन्तर समर्थन और विश्वास के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। कम्पनी का ध्यान हमेशा की तरह ग्राहकों की संतुष्टि पर केंद्रित रहेगा।

मैं भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी.ए.जी.), सांविधिक लेखा परीक्षकों तथा आंतरिक लेखा परीक्षकों को भी उनके मूल्यवान सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूँ।

मैं कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा उनके समस्त स्तरों पर कठिन परिश्रम, प्रतिबद्धता और निरन्तर प्रयासों के लिये सराहना करता हूँ।

आपके द्वारा मुझे दिये गये इस सहयोग और समर्थन के लिये मैं आपसे वादा करता हूँ कि आपकी कम्पनी सफलता की नई बुलंदियों को छुयेगी।

धन्यवाद,

हस्ता./–
(ज्ञानेश पाण्डेय)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान :– नई दिल्ली
तिथि :– 29.11.2016

दृष्टि, लक्ष्य, कॉरपोरेट मूल्यांकन और कॉरपोरेट गुणवत्ता नीति

दृष्टि

" भारत एवं ओवरसीज देशों में हैल्थकेयर से जुड़ी मूल्य–वर्द्धित, समन्वित एवं नवीनतम सेवाओं को उपलब्ध करवा कर इसके विद्वान संव्यवसायिक कर्मचारियों के साथ मिलकर विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में बल–वर्द्धक एवं कुशलतम कार्य–संस्कृति का निर्माण करने वाली प्रमुख कम्पनी के रूप में जाना जाये। "

लक्ष्य

" भारत एवं ओवरसीज देशों में भवनों का निर्माण एवं विकास तथा हैल्थकेयर तथा संबंधित अन्य क्षेत्रों में परामर्शदायी संबंधी सेवाओं तथा व्यापक संकल्पना, प्रोजैक्ट परियोजना, वास्तुविद्, इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन, प्रापण संबंधित कार्यों के विद्वता–पूर्वक ढ़ांचे को उपलब्ध कराना। "

कॉरपोरेट मूल्यांकन

- ग्राहकों की मूल्यवृद्धि पर विशेष ध्यान देना।
- संगठन के अन्दर सृजनशीलता एवं नवीनता को विकसित करना।
- विद्वता संगठन का सर्जन करना।
- टीम–स्प्रीट को अपनाकर हमारे समस्त कार्यकलापों को योग्य बनाना।

कॉरपोरेट गुणवत्ता नीति

स्वास्थ्य देखभाल एवं अन्य सामाजिक क्षेत्रों में निरंतर परामर्शी सेवाएं प्रदान करके नेतृत्व और ग्राहक के प्रति विश्वास की भावना बनाए रखना ।

सेवा–वर्णक्रम

संकल्पनात्मक अध्ययन एवं प्रबंधन परामर्श

- पुर्नवास आधारभूत सर्वेक्षण एवं अर्थशास्त्र शिक्षण
- जानपदिक सर्वेक्षण
- निकाय योजना
- साध्यता शिक्षण
- पुनर्निर्माण / पुनर्गठन शिक्षण
- मूल्यांकन शिक्षण

प्रापण

- औषधियां एवं दवाईयां
- मेडिकल उपस्कर
- अन्य उपस्कर
- संचार माध्यम
- उपयंत्र
- फर्नीचर एवं जुड़नार

परियोजना प्रबंधन

- ठेकेदारों के चयन सहित परियोजना योजना तथा कार्य का पुरस्कार
- परियोजना निगरानी
- गुणवत्ता नियंत्रण
- निर्माण पर्यवेक्षण
- ठेकों का प्रशासन
- वित्तीय नियंत्रण

सूचना तकनीक प्रणालियां

- स्वास्थ्य एम.आई.एस.
- कार्यप्रणाली समाकलन

सुविधा डिजाइन

- संकल्पनात्मक डिजाइन
- प्रमुख डिजाइन
- वास्तुविद्यात्मक डिजाइन / योजनाएं
- अभियांत्रिक डिजाइन
- उपस्कर योजना
- व्यर्थ प्रबंधन
- डिजाइन समन्वय

अभियांत्रिक अध्ययन

- नवरूपण / पूनर्वास
- आधुनिकीकरण / उन्नयन
- विस्तार
- उत्पादकता / कार्यक्षमता सुधार

लॉजिस्टीक्स एवं स्थापना

- परिवहन
- समाशोधन एवं अग्रेशण
- साईट वितरण
- स्थापना
- जांच–पड़ताल एवं चालू करना
- प्रशिक्षण

नए क्षेत्र (विविधता)

• दवा विनिर्माण सुविधाएं
• पशुओं के टीके विनिर्माण सुविधाएं
• विदेशों में मेडिकल पेशेवरों के प्रशिक्षण
• इंजीनियरिंग और रख–रखाव की सुविधाएं
• अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में नए विकास की परियोजनाएं
• जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं विकास संस्थानों का विकास

सूचना

संख्या : एच एस सी सी / ए.जी.एम./33वीं/2016 दिनांक : 18.11.2016

यह इसके द्वारा **एच एस सी सी (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि व्यापार सम्बन्धित गतिविधियों के सम्बन्ध में सोमवार, दोपहर 12 : 00 बजे, दिनांक 29 नवम्बर, 2016 को कमरा नंबर 155ए विंग, प्रथम तल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली में कम्पनी की 33वीं वार्षिक सामान्य बैठक का आयोजन** किया जा रहा है :–

सामान्य व्यापार

1. दिनांक 31.03.2016 तक ऑडिट किये गये तुलन–पत्र, आज तक के दिनांक में समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी के लाभ एवं हानि खाता और कैश–फ्लो स्टेटमेंट के विवरण के रुप में अंकित तुलन–पत्र को अपनाने के लिए, सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट के साथ–साथ निदेशकों की टिप्पणीयों की रिपोर्ट प्राप्त हुई है।
2. वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए लाभांश की घोषणा।
3. सांविधिक लेखा तथा टैक्स ऑडिट शुल्क का निर्धारण।

कृते बोर्ड की ओर से आदेश

हस्ता./–
(रविन्द्र कुमार पाठक)
उप–महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) तथा कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली

सेवामें,

1. कम्पनी के समस्त शेयरधारक
2. कम्पनी के समस्त बोर्ड ऑफ डारेक्टर्स
3. कम्पनी के सांवधिक लेखा–परीक्षक

टिप्पणियां :

1. एक सदस्य के बैठक में भाग लेने और मतदान करने का हकदार, एक प्रोक्सी नियुक्त करने, भाग लेने और स्वयं के वोट देने तथा यह आवश्यक नहीं कि वह कंपनी का सदस्य हो।
2. मैसर्स एल सी कैलाश एण्ड एसोसिएट्स, सनदी लेखाकार, नई दिल्ली को भारतीय महालेखाकार एवं नियंत्रक द्वारा इस कम्पनी को सांविधिक लेखाकार के रुप में चुना गया है।

कार्य निष्पादन पर एक नजर

दिनांक 31.03.2016 को वर्ष की समाप्ति तक एक बार फिर कम्पनी के लेखों की समीक्षा करने पर उत्कृष्ट परिणाम अर्जित करते हुये अधिकतम कारोबार 110698 लाख रूपये तथा उच्चतम कर पश्चात लाभ (PBT – Profit After Tax) 5462 लाख रूपये हुआ है।

वर्ष 1983 से कम्पनी अपने अस्तित्व में आयी है जिसकी प्रदत्त शेयर पूँजी 40 लाख रूपये के परिणाम स्वरूप 240 लाख रूपये प्रदत्त शेयर पूँजी से बढ़कर बाद में इसने अपनी आरक्षित एवं सरप्लस पूँजी से 200 लाख रूपये के बोनस जारी किये हैं। दिनांक 31.03.2016 को कम्पनी का नेटवर्थ बढ़कर 17422 लाख रूपये को पार कर गया है।

इस बदलते परिदृष्य में, यह विकास को बनाए रखने के लिए काफी कम है। एक ही अवसर व्यापार करने के बेहतर तरीकों को नहीं मिल रहे हैं, लेकिन कारोबार के नवीनतम अवसर तलासने तथा नये क्षेत्रों में कारोबार में विविधता लाने के लिये यह बहुत महत्वपूर्ण है। सफलता की संभावना प्रतिबद्धता एवं नई वास्तविकताओं को संरचित दृष्टिकोण की डिग्री पर निर्भर करता है।

हम अपने अतिविशिष्ट ग्राहकों की गुणवत्ता और समय सीमा दोनों को अपनाकर हैल्थकेयर क्षेत्रों में अपनी सर्वश्रेष्ठ, बेहतरीन, नवीनतम सेवाएं निरंतर प्रदान करने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

(लाख रुपये में)

विवरण	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16
आय	4458	5835	6045	57576*	110698*
कर पूर्व लाभ	2352	3600	3714	3795	8687
निवल लाभ	1472	2257	2398	2454	5462
निवल मूल्य	**8948**	**10587**	12081	13933	17422
लाभांश	300	468	492	492	1638
कुल आर्डर–बुक (शुल्क)	5904	24928	30089	10835	27933
समझौता ज्ञापन के अधीन कोटि निर्धारण	उत्कृष्ट	उत्कृष्ट	उत्कृष्ट	अति–उत्तम	उत्कृष्ट (प्रत्याशित)

*टिप्पणी : राजस्व मान्यता नीति के लिए वित्तीय वर्ष 2015–16 बदल लिया गया है, हालांकि वहाँ लेखांकन नीति में परिवर्तन के कारण मुनाफे में कोई बदलाव नहीं आया है।





33वीं वार्षिक सामान्य बैठक (ए.जी.एम.)

दिनांक 29.11.2016 को एच एस सी सी (इंडिया) लिमिटेड की 33वीं वार्षिक सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें श्री सी. के. मिश्रा, माननीय सचिव (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), श्री सुधीर कुमार, (संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), श्री अरुण सिंघल, (संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), श्री नवदीप रिनवा, (संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), श्री ज्ञानेश पाण्डेय, सी.एम.डी., एच एस सी सी, श्री एस. के. जैन, निदेशक (इंजी.), श्री सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) तथा एच एस सी सी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

इस दशक के वित्तीय परिणामों पर एक नजर

(राशि लाख रूपये में)

विवरण	06-07	07-08	08-09	09-10	10-11	11-12	12-13	13-14	14-15	15-16
वित्तीय निष्पादन										
प्रदत्त पूंजी	160	160	240	240	240	240	240	240	240	240
आरक्षित एवं सरप्लस	5111	5695	6341	6999	7632	8708	10347	11841	13693	17182
निवल मान	5271	5855	6581	7239	7872	8948	10587	12081	13933	17422
कुल स्थायी परिसम्पत्तियां	727	707	675	632	615	600	685	693	649	635
कार्यशील पूंजी	4455	5105	5811	6440	7117	8568	10200	12053	14165	17519
लगाई गई पूंजी	5271	5855	6581	7072	7731	9168	10885	12746	14814	18154
परिचालन आकड़े										
परामर्श शुल्क / टर्नओवर*	1678	1740	1936	2097	2311	2929	3380	3919	49004*	102180*
ब्याज और अन्य आय	845	1356	1337	1218	1034	1529	2455	2126	8572	8518
कुल आय*	2523	3096	3273	3315	3346	4458	5835	6045	57576	110698
व्यय	1224	1711	1696	2002	1993	2048	2203	2287	53782	101948
सकल लाभ	1299	1385	1577	1385	1357	2409	3632	3758	3864	8750
मूल्यह्रास	45	45	44	39	36	58	32	44	69	63
कर पूर्व लाभ	1254	1340	1533	1346	1321	2352	3600	3714	3795	8687
कर पश्चात लाभ	798	836	970	859	834	1472	2257	2398	2454	5462
कराधान हेतु प्रावधान	456	503	563	487	487	880	1343	1316	1341	3225
लाभांश	208	208	208	173	173	300	468	492	492	1638
जनशक्ति										
कर्मचारी (संख्या में)	130	132	139	135	132	124	123	143	153	162
(नियमित वेतनमानों पर)										
अनुपात										
पी.बी.टी. / कुल आय (%)	50	43	47	41	39	53	62	61	59	8
शुद्ध लाभ / कुल आय (%)	32	27	30	26	25	33	39	40	38	5
निवल लाभ / निवल मान (%)	15	14	15	12	11	16	21	20	18	31
प्रति कर्मचारी कुल आय	19	23	24	25	25	36	47	42	42	683
प्रति कर्मचारी अर्जन (ई.पी.एस.) (रूपये)	499	523	404	358	347	613	940	999	1022	2276
प्रति–शेयर बुक–वेल्यू (रूपये)	3294	3659	2742	3016	3280	3728	4411	5034	5805	7259

*टिप्पणी : राजस्व मान्यता नीति के लिए वित्तीय वर्ष 2015–16 बदल लिया गया है, हालांकि वहाँ लेखांकन नीति में परिवर्तन के कारण मुनाफे में कोई बदलाव नहीं आया है।

निदेश मंडल की रिपोर्ट

सेवामें,

अंशधारकों,
एच एस सी सी (इंडिया) लिमिटेड

पंजीकरण तथा अन्य विवरण

i)	सी.आई.एन.	:	यू 74140 डी. एल. 1983 जी. ओ. आई. 015459
ii)	पंजीकरण तिथि	:	30.03.1983
iii)	कम्पनी का नाम	:	एच एस सी सी (इंडिया) लिमिटेड
iv)	श्रेणी	:	सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम
v)	पंजीकृत कार्यालय	:	205, ईस्ट इण्ड प्लाजा, प्लॉट नम्बर 4, डी.डी.ए.– एल.एस.सी. सेन्टर – II, वसुंधरा इंक्लेव, दिल्ली – 110096
vi)	कॉरपोरेट कार्यालय	:	ई–6(ए), सैक्टर – 1, नौएडा – 201301
vii)	सूचीबद्ध कम्पनी	:	नहीं

परीक्षित लेखों का विवरण

आपके निदेशकों को कम्पनी के कार्यकलापों और प्रचालन से संबंधित 33वीं वार्षिक रिपोर्ट तथा 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लेखा परीक्षित लेखों और सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है।

वित्तीय विशेषताएँ

वर्ष 2014–15 के तुलनात्मक आंकड़ों सहित वर्ष 2015–16 के समस्त वित्तीय परिणामों का सार निम्नानुसार है जो कम्पनी की ठोस एवं स्वस्थ स्थिति को दर्शाते हैं :–

(करोड़ रूपये में)

विवरण	2015-16	2014-15	2015-16 में अधिकता (प्रतिशत)
सकल आय	1106.98	575.77	92.26
सकल व्यय	1019.00	537.82	89.47
सकल लाभ	87.98	37.95	131.83
विशिष्ट एवं असाधारण मद	1.11	0.00	100.00
कर पूर्व लाभ	86.87	37.95	128.91
करावधान (निवल)	32.25	13.41	140.49
कर पश्चात लाभ	54.62	24.54	122.58
लाभांश	16.38	4.92	232.93
निवल मूल्य	174.22	139.33	25.04
प्रति–शेयर अर्जित (रूपये)	2275.47	1022.44	122.55

इस वर्ष 31 मार्च, 2016 तक आपकी कम्पनी ने संतोषजनक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। गत वर्ष कम्पनी का सकल लाभ उसकी सकल आय के मुकाबले बढ़कर 92.26% तथा कुल लाभ 122.58% हो गया है।

पूंजीगत ढांचा (Capital Structure)

वर्ष के दौरान समीक्षा करने पर कम्पनी की प्राधिकृत पूंजी और प्रदत्त शेयर पूंजी 500 लाख रूपये और 240.01 लाख रूपये तक स्थिर रही है।

लाभांश (Dividend)

वर्ष 2015–16 के लिए कम्पनी के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुये, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने प्रदत्त शेयरपूंजी पर @682.64% की दर से कम्पनी के सकल लाभ का 16.38 करोड़ रूपये की राशि संस्तुति की है। यह वार्षिक आम सभा बैठक में सदस्यों के अनुमोदन हेतु विचाराधीन है। इसमें व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा जारी सिफारिशों अनुसार 30% पूर्व कर लाभ से अधिक लाभांश देने की सिफारिश की है। कंपनी निरंतर 32 वर्षों से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार को लाभांश की घोषणा करती आ रही है तथा वर्ष 2015–16 तक संचयी लाभांश 56.81 करोड़ रूपये था।

सामान्य आरक्षित निधि का विनियोजन (Appropriation To General Reserve)

लाभांश और आयकर के लिए प्रावधान रखने के बाद निदेशक मण्डल ने लाभ एवं हानि खाते में लिखे शुद्ध लाभ में से 200 लाख रुपये (पिछले वर्ष 200 लाख रुपये) सामान्य आरक्षित निधि में अंतरित करने की सिफारिश की है। सरप्लस के अलावा 31.03.2016 तक संचयी सामान्य आरक्षित निधि 171.82 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 136.93 करोड़ रूपये) हो गयी है।

मंत्रालय / ग्राहकों की ओर से धनराशि

मंत्रालय / ग्राहकों की ओर से वर्तमान परिसम्पत्तियों तथा वर्तमान देनदारियों के विभिन्न मदों के तहत सुविचारित धनराशि का विवरण निम्नलिखित है :–

	मंत्रालय / ग्राहकों की ओर से	31.03.2016 की स्थितिनुसार	31.03.2015 की स्थितिनुसार
क.	**वर्तमान परिसम्पत्तियां (Current Assets)**	रूपये करोड़ में	रूपये करोड़ में
	– नकद एवं नकद समकक्ष	1247.29	1012.50
	– अल्पावधि ऋण एवं अग्रिम	156.25	146.85
	– अन्य वर्तमान परिसम्पत्तियां	277.12	20.01
		1680.66	**1179.36**
ख.	**वर्तमान देनदारियां (Current Liabilities)**		
	– अन्य वर्तमान देनदारियां	**1680.66**	**1179.36**

निष्पादित विशेषताएं (Performance Highlights)

कम्पनी अपने समस्त कार्यकलापों एवं गतिविधियों में निरन्तर प्रगति कर रही है। अपनी सेवाओं को बढ़ाने हेतु कम्पनी द्वारा विभिन्न कारगर कदम उठाये जा रहे हैं। अपितु, कम्पनी द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न तकनीकी सेवाओं के इस्तेमाल के लिये तकनीकी क्षेत्रों में उच्च डिग्री प्राप्त कुछेक विशेषज्ञ और परामर्शदाताओं की सेवाएं ली जा रही हैं।

वर्ष 2015–16 के दौरान, कम्पनी को कुछेक प्रतिष्ठित परियोजनाओं के लिए परामर्शी एवं परियोजना में प्रबंध सेवाएं प्रदान करने का काम तथा साथ ही डिजाइन एवं इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन तथा चिकित्सा उपकरण, दवाइयां एवं औषधि इत्यादि का भी काम मिला।

वर्ष 2015–16 के दौरान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और उसके संस्थानों हेतु नये आदेश बुक (फीस) राशि 209.05 करोड़ा रूपये तथा राज्य सरकारों तथा उनके अन्य संस्थानों से 50.61 करोड़ रूपये तथा खुली निविदाओं से 9.45 करोड़ रूपये बुक किये गये थे।

एच एस सी सी इस समय जिन प्रमुख परियोजनाओं के लिए परामर्शी सेवाएं प्रदान कर रहा है, उसकी सूची अनुबन्ध – I में दर्शायी गई है :–

समझौता – ज्ञापन (Memorandum of Understanding)

कम्पनी पिछले एक दशक से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर करती आ रही है। कम्पनी को अच्छे परिणामों के लिये वर्ष 2014–15 हेतु सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा " **अति–उत्तम** " आंका गया है तथा आशा है वर्ष 2015–16 में अच्छे परिणामों के आधार पर कम्पनी को " **सर्वश्रेष्ठ** " आंका जाये।

विदेशी मुद्रा (Foreign Exchange)

(₹ करोड़ में)

	2015–16	2014–15
क. खर्चे (Expenditure)		
– यात्रा	0.10	0.06
– सी.आई.एफ. पूंजीगत माल पर आयात (ग्राहकों की ओर से)	27.40	9.13
ख. आय (Income)	–शून्य –	– शून्य –

मानव संसाधन (Human Resources)

किसी भी कम्पनी की वास्तविक सम्पत्ति उसका मानव संसाधन होता है। कंपनी में 31 मार्च, 2016 की स्थिति के अनुसार 162 कर्मचारी नियमित वेतनमान थे तथा जिनमें से 66 कर्मचारी स्थाई–कार्यकाल तथा 50 कर्मचारी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 2 कर्मचारी शारीरिक रूप से विकलांग वर्ग का है। वर्ष भर कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच सौहार्द–पूर्ण ताल–मेल बना रहा। कम्पनी संगठन में अल्प–संख्यकों के रोजगार का स्तर बनाये रखने का हर संभव प्रयास करती है। बदलते परिवेश की आवश्यकतानुसार, एच एस सी सी अपने कर्मचारियों के ज्ञान का निरन्तर उन्नयन करती आ रही है। वर्ष के दौरान, कम्पनी के कर्मचारियों को विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भेजा गया (कुल 229 कार्य दिवस) आयोजित किये हैं इसके अतिरिक्त कम्पनी इस दिशा में उनकी दक्षता में और बढोतरी हेतु उनका विकास कर रही है।

कल्याण कार्यक्रम (Welfare Activities)

कम्पनी अपने कर्मचारियों को निरन्तर अभिप्रेरित करने के लिए कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिये अनेक सामाजिक कार्यक्रमों एवं हित–लाभों का आयोजन करती है।

राजभाषा का संवर्धन एवं कार्यान्वयन (Implementation And Promotion of Official Language)

एच एस सी सी में वर्ष 2015–16 के दौरान राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के संबंध में राजभाषा अधिनियम तथा नियमों के तहत भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के सक्रिय प्रयास जारी हैं। कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों में हिन्दी के कार्यसाधक ज्ञान संबंधी जानकारी हेतु प्रेरित किया जाता है। सभी मानक प्रपत्र, फाईल आदि द्विभाषी रूप में प्रयोग किए जा रहे हैं। हिन्दी में टिप्पण, प्रारूपण और पत्राचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हिन्दी में उत्साहवर्धक काम करने के उद्देश्य से कम्पनी में 13.09.2015 से 27.09.2015 के दौरान हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया है, जिसके दौरान हिन्दी पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। इसके अलावा, कम्पनी गृह मंत्रालय, भारत सरकार के तहत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा इकाई की सदस्य भी है, जिसके तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं, बैठकों, संगोष्ठियों इत्यादि में प्रतिनिधित्व भी करती है।

कम्पनी के कर्मचारी ने दिनांक 24.10.2015 से 25.10.2015 के दौरान, राष्ट्रभाषा स्वाभिमान न्यास द्वारा आयोजित अखिल भारतीय हिन्दी सम्मेलन तथा कार्यशाला में भी भाग लिया है। सम्मेलन के दौरान, श्री श्रवण कुमार, हिन्दी सहायक एवं अनुवादक को " राजभाषा गौरव सम्मान " मिला है।

सतर्कता (Vigilance)

यह कम्पनी एक परामर्शदायी संगठन है, इसलिए कम्पनी में अलग से कोई सतर्कता एकक नहीं है। दिनांक 14.11.2014 से तीन वर्ष की अवधि के लिये उप–महाप्रबंधक (विद्युत) श्री राजीव कुमार अग्रवाल, कम्पनी में अंशं–कालिक, मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। वर्ष के दौरान, सतर्कता विभाग मैनेजमेंट के महत्वपूर्ण विभाग के रूप में कार्यरत है। वार्षिक रिपोर्ट, तिमाही प्रगति रिपोर्ट, निजी विदेशी दौरे तथा मासिक रिपोर्ट को यथा समय संबंधित एजेंसी को भिजवा दिए जाते हैं। सतर्कता आयोग से समय–समय पर प्राप्त होने वाले दिशा निर्देशों का कठोरता से पालन किया जाता है तथा एहतियात के रूप में निवारक उपायों को अपनाया जाता है एवं मांगी सूचना को समय पर उचित माध्यम से दिया जाता है। वर्तमान प्रणालियों एवं प्रक्रियाओं में अपेक्षित सुधार एवं उन्नति हेतु उनकी समीक्षा जारी है तथा कम्पनी के कार्यकलापों में पारदर्शिता बनाये रखने के लिये कारगर कदम उठाये गये हैं। कर्मचारियों में उच्चतम नैतिकता बनाये रखने के लिये कम्पनी में 26 अक्टूबर, 2015 से 31 अक्टूबर, 2015 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया है। सभी कर्मचारियों द्वारा शपथ दिलाई गई।

कर्मचारियों का ब्यौरा (Particulars of Employees)

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के तहत वेतन पाने वाले कर्मचारियों का ब्यौरा, कंपनी नियमावली, 1975 के साथ पठित, समय–समय पर संशोधन के रूप में, कम्पनी के कर्मचारियों में से कोई भी प्रतिवर्ष 102 लाख रूपये या 8.5 लाख रूपये प्रतिमाह के पारिश्रमिक की प्राप्ति से अधिक नहीं था।

निगमित शासन (Corporate Governance)

आपकी कम्पनी में स्वस्थ निगमित शासन को बनाये रखने के लिए पारदर्शिता, अखण्डता, संव्यसायिकता तथा जवाबदेही पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सार्वजनिक उद्यम विभाग (D P E) द्वारा विहित प्रपत्र में मार्गदर्शी सिद्धांतानुसार, निगमित शासन प्रणाली की स्थिति को दर्शाते हुए तिमाही रिपोर्ट को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को भिजवा दिया जाता है। सार्वजनिक उद्यम विभाग (D P E) जारी निगमित प्रशासन हेतु दिशा–निर्देशों के अनुसार, एक " कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट " तथा एक " प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट " क्रमशः अनुबंध – II और III में रखी गई है।

निदेशक मंडल (Board of Directors)

(क) वित्तीय वर्ष के दौरान एवं पश्चात् कार्यालय के निम्नलिखित निदेशक नामित / नियुक्त किये गये हैं :–

– शून्य –

(ख) वित्तीय वर्ष के दौरान एवं पश्चात् निम्नलिखित निदेशक कार्यालय छोड़ कर गये हैं :–

श्री देबीदास दत्ता अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	02.01.2013 से 01.01.2016
श्री अनील ए. मसंद अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	02.01.2013 से 01.01.2016
प्रो. सुशील अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	02.01.2013 से 01.01.2016

(ग) वर्ष के दौरान निदेशक मण्डल के समीक्षाधीन अवधि में कार्यालय के निम्नलिखित निदेशक थे :–

श्री ज्ञानेश पाण्डेय अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एच एस सी सी	26.07.2012 से आगे
श्री एस. के. जैन निदेशक (इंजीनियरिंग)	16.04.2013 से आगे
श्री के. सी. सामरिया संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	05.08.2014 से आगे
श्रीमती विजया श्रीवास्तव अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	19.02.2015 से आगे

निदेशकों की जिम्मेदारियों का विवरण (Directors' Responsibility Statement)

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 के तहत प्रावधानों के अनुसार, एतद्द्वारा आपके निदेशकों की रिपोर्ट निम्नलिखित दी गई है :–

- वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू लेखा मानक को अपनाया गया है।
- कम्पनी में वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू मानक लेखों को अपनाया गया है। कम्पनी द्वारा अपनायी गयी लेखाकार नीतियों का लगातार अनुपालन किया जा रहा है, क्योंकि यह वित्त वर्ष के अंत में कम्पनी की वास्तविक तथा स्पष्ट छवि एवं उस अवधि में कम्पनी के लाभ अथवा हानि को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करते हैं।
- इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार कम्पनी की परिसम्पत्तियों की सुरक्षा करने तथा जालसाजी व अन्य अनियमितताओं को रोकने व उनका पता लगाने के लिए लेखा रिकार्डों का उचित एवं पर्याप्त ध्यान रखा गया है।
- वार्षिक लेखों को निरन्तरता आधार पर तैयार किया गया है।
- निदेशकों द्वारा लागू किये गये सभी विधिक प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिये उचित पद्धति तैयार की गई है तथा इस तरह की व्यवस्था पर्याप्त और प्रभावी ढंग से काम कर रही है।

निगमित सामाजिक दायित्व (Corporate Social Responsibility)

वर्ष के दौरान, कम्पनी ने निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर) पर आवश्यक राशि के तहत 1.14 करोड़ रूपये (गत अवधि के 0.40 करोड़ रुपये सहित) (गत वर्ष के 0.40 करोड़ रुपये) अर्थात; वित्तीय वर्षों के गत तीन वर्षों का अनुमानित 2% अर्थात कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार 0.74 करोड़ रूपये (गत वर्ष 0.40 करोड़ रूपये) खर्च किये है।

कम्पनी ने अपनी निगमित सामाजिक दायित्व (सी एस आर) निधि खाते में 1.07 करोड़ रूपये सुरक्षित रखे हैं। संभावनाओं की तलाश जारी है जिसके तहत इस राशि को खर्च किया जाएगा।

आंतरिक लेखा परीक्षक (Internal Auditors)

वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए कंपनी के समवर्ती एवं आंतरिक लेखा परीक्षकों के रूप में मैसर्स प्रेम गुप्ता एण्ड कम्पनी, सनदी लेखाकार को 2,85,000 /– रूपये जिसमें परिवहन सहित सेवा–कर लाभ है पर नियुक्त किया गया है। यह उनकी नियुक्ति का तीसरा वर्ष है।

लेखा परीक्षक (Auditors)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए मैसर्स एल. सी. कैलाश एण्ड एसोसिएटस, सनदी लेखाकार, नई दिल्ली को कम्पनी का सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया है। इसके लिए उन्हें वर्ष 2015–16 वित्तीय वर्ष के लिए 4,50,000/– रूपये (चार लाख पचास हजार रूपये मात्र) प्रदत्त पारिश्रमिक दिया जा रहा है जिसमें लागू सर्विस चार्ज भी शामिल है। यह उनकी नियुक्ति का पहला वर्ष है।

सांविधिक लेखा परीक्षक की टिप्पणियों पर प्रबंधन द्वारा दिए गए उत्तर निदेशकों की रिपोर्ट के परिशिष्ट के अनुबंध – IV में दिए गए हैं।

सी ए जी (CAG) की रिपोर्ट पर की गई टिप्पणियां निदेशकों की रिपोर्ट के परिशिष्ट के अनुबंध – V में दी गई हैं।

सांविधिक लेखाकार की 31 मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष में कंपनी सचिव मैसर्स प्रवीण रस्तोगी एंड कंपनी की रिपोर्ट निदेशक रिपोर्ट के परिशिष्ट के अनुबंध–VI में संलग्न है।

अभिस्वीकृति (Acknowledgment)

कम्पनी के निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, विदेश मंत्रालय तथा अन्य मंत्रालयों एवं सरकारी विभागों के आभारी हैं जिनसे निरन्तर सहायता एवं सहयोग, समर्थन तथा मार्गदर्शन मिलता रहा है। हम अपने प्रतिष्ठित ग्राहकों को भी अपना हार्दिक धन्यवाद देते हैं जिन्होंने कंपनी के सामर्थ्य और उसकी व्यावसायिक सक्षमता के प्रति अपना विश्वास दिखाया है।

कम्पनी के निदेशक भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, अध्यक्ष एवं आडिट बोर्ड के सदस्य, सांविधिक लेखाकारों, आंतरिक लेखाकारों तथा कम्पनी के बैंकरों के प्रति भी अपना आभार प्रकट करते हैं जिन्होंने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया।

कम्पनी के निदेशक अपने सम्मानित बैंकरों तथा अन्य संगठनों साथ ही साथ व्यक्तिक का आभार व्यक्त करते है जिनका उन्हें निरन्तर मार्गदर्शन एवं सहयोग मिलता रहा है।

निदेशक मण्डल ने कम्पनी के कर्मचारियों के सभी स्तरों पर निष्ठा–पूर्वक कार्य करने एवं कड़ी मेहनत और समर्पित भावना से कार्य करने की प्रशंसा की है जिनकी बदौलत कम्पनी श्रेष्ठ एवं निरंतर वृद्धि कर रही है।

निदेशक मण्डल के लिए
और उनकी ओर से

(ज्ञानेश पाण्डेय)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

नई दिल्ली
दिनांक : 19.09.2016

अनुबन्ध – I

(निदेशक मंडल की रिपोर्ट का परिशिष्ट)

वर्तमान में चल रही परियोजनाओं का विवरण

क. वास्तुविद संबंधी योजना, डिजाइन एवं अभियांत्रिकी तथा परियोजना प्रबंधन

- सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली का पुनर्विकास
- एम्स, झज्जर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान का निर्माण
- राम मनोहर लोहिया अपस्तालों का पुनर्विकास, नई दिल्ली
- लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज तथा संबंधित अस्पतालों का पुनर्विकास, नई दिल्ली
- एम्स (AIIMS), नई दिल्ली का पुनर्विकास
- एम्स (AIIMS), रायपुर
- एम्स (AIIMS), ऋषिकेश
- एम्स (AIIMS), रायबरेली
- एम्स (AIIMS), भुवनेश्वर
- एम्स (AIIMS), गुंटूर
- एम्स (AIIMS), कल्याणी,
- एम्स (AIIMS), नागपुर
- सरिता विहार, नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का निर्माण
- राजकुमारी अमृत कौर, नई दिल्ली नर्सिंग कॉलेज उन्नयन
- ट्रामा सेंटर का विस्तार, एम्स (AIIMS), नई दिल्ली
- कल्पना चावला सरकारी मेडिकल कॉलेज, करनाल

कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज, करनाल

- स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (PGIMER) का सेटेलाईट सेंटर, संगरूर (ओ.पी.डी. तथा मुख्य कार्य)
- भटिंडा, पंजाब में कैंसर अस्पताल का विकास
- भारतीय समवेत औशध संस्थान (IIIM), जम्मू
- राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) – छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, केरल तथा हिमाचल प्रदेश
- एस.एस.बी., निम्हांस (NIMHANS), बैंगलूरू
- मातृ एवं शिशु – बैंगलोर मैट्रो रेल कॉरपोरेशन हेतु मैट्रो ब्लॉक
- राष्ट्रीय पशु बायो–टैक्नोलाजी संस्थान, हैदराबाद
- पशु चिकित्सा जैविक उत्पाद संस्थान, पूणे हेतु वैक्सीन प्रसंस्करण सुविधाएं
- आई.आई.टी. खड़गपुर हेतु 750 बिस्तरों वाले अस्पताल का निर्माण (फेस– I – 400 बिस्तर)
- पी.एम.एस.एस.वाई. (PMSSY) – एस.एस.बी., कोलकाता
- नार्थ इस्टर्न इंस्टीस्टयूट ऑफ आर्युवेद एण्ड होम्योपैथी (NEIAH), शिलॉंग, मेघालय

आपात–कालीन ब्लॉक, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली

- नाहरलागुन, अरुणाचल प्रदेश में मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल
- नाहन, हिमाचल प्रदेश में मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल
- हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश में मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल
- चम्बा, हिमाचल प्रदेश में मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल
- क्षेत्रीय पेरामेडिक एवं नर्सिंग साईंसेज संस्थान (RIPANS), आईजोल
- एल. जी. बी. आर. आई. एम. एच. (LGBRIMH) तेजपुर का उन्नयन
- क्षेत्रीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान (RIMS), इम्फाल का पुनर्विकास

एस.एस.बी. ब्लॉक, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली

- पी.एम.एस.एस.वाई. (PMSSY) फेस – III के तहत उन्नयन परियोजनाएं
  - रीवा
  - बरहामपुर
  - उदयपुर
  - ग्वालियर
  - पटियाला
  - बीकानेर
  - जबलपुर
  - बुरला
  - औरंगाबाद
  - विजयवाड़ा
  - डिब्रुगढ़
  - झांसी
  - कोटा
  - गुवाहाटी
  - शिमला
  - इलाहाबाद
  - लातूर
  - पणजी (गोवा)
  - दार्जिलिंग
- मिजोरम चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, फालकॉन, मिजोरम
- पाली, राजस्थान में 100 मेडिकल कॉलेज

ख. प्रापण प्रबंधन सेवाएं (Procurement Management Services)

- सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली के अति–विशिष्ट तथा आपातकालीन ब्लॉक हेतु चिकित्सा उपकरण
- कल्पना चावला सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, करनाल, हरियाणा हेतु चिकित्सा उपकरण
- अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (All India Institute of Ayurveda – AIIA), सरिता विहार हेतु उपकरणों का प्रापण
- निग्रिहम्स (NEIGRIHMS), शिलौंग हेतु चिकित्सा उपकरण
- विदेश मंत्रालय (MEA), बीर अस्पताल, काठमांडू हेतु चिकित्सा उपकरण
- यंगून एवं सिटवे म्यांमार हेतु चिकित्सा उपकरण

अनुबन्ध - II

(निदेशक मंडल की रिपोर्ट का परिशिष्ट)

कारपोरेट शासन रिपोर्ट

कम्पनी सिद्धांत

एक अच्छी कारपोरेट शासन नीति किसी भी कम्पनी के बेहतर परिणामों को बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देती है, जो शेयरधारकों के मूल्यों व मैनेजमैंट में पारदर्शिता, आचार नीति, जवाबदेही तथा साफ–सुथरे परिणामों को दर्शाने व उनका ध्यान रखते हैं। मैनेमेंट का यह दायित्व होता है कि वह विनिर्दिष्ट मामलों में जहां तक संभव हो विस्तृत तरीके से तथ्यों को उपलब्ध करवाये।

क. अन्य कम्पनियों में बोर्ड के निदेशकों की श्रेणी सहित बोर्ड के निदेशकों का गठन

दिनांक 31.03.2016 से कम्पनी के बोर्ड निदेशकों में दो पूर्ण–कालिक, दो अंश–कालिक शासकीय निदेशक कार्यरत हैं, जिनका विवरण निम्नवत है :–

निदेशक	पूर्ण–कालिक / अंश–कालिक	अन्य पी.एस.यू. में बोर्ड के सदस्य
श्री ज्ञानेश पाण्डेय	पूर्ण–कालिक, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	– शून्य –
श्री एस. के. जैन	निदेशक (इंजीनियरिंग)	– शून्य –
श्रीमती विजया श्रीवास्तव	अंश–कालिक, शासकीय निदेशक	– एच एल एल लाइफकेयर लि. – एच एल एल बायोटैक लि.
श्री के. सी. सामरिया	अंश–कालिक, शासकीय निदेशक	– शून्य –

ख. कार्यकाल (Tenure)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य पूर्ण–कालिक निदेशकों की आयु 60 निर्धारित की गई है।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा अन्य पूर्ण–कालिक निदेशकों की नियुक्ति उनके कार्य–भार ग्रहण करने की तिथि से और उनकी अधिवर्षिता (Superannuation) की तिथि तक 5 वर्षों की होगी, या भारत सरकार की ओर से अगले आदेशों तक, और जो भी घटनाक्रम से पहले आदेश प्राप्त होंगे।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का प्रतिनिधित्व सरकार द्वारा नामित भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय या भारत सरकार द्वारा अगले आदेश तक मंत्रालय के अधिकारी जो बॉण्ड पर बोर्ड से सेवानिवृत्त हैं।
अंश–कालिक, अ–शासकीय निदेशक की नियुक्ति भारत सरकार की ओर से तीन वर्ष की अवधि तक की होगी।

ग. बोर्ड बैठकें (Board Meetings)

अप्रैल, 2014 से मार्च, 2015 के बीच बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की (138वीं से 143वीं) 6 बैठकें की गई, जिसमें एक बैठक प्रत्येक त्रैमासिक में दिनांक 30.06.2015, 27.08.2015, 28.09.2015, 29.10.2015, 31.12.2015 और 29.03.2016 को आयोजित की गई।

बैठकें एवं उपस्थिति (Meetings and Attendance)

निदेशक	कार्यकाल के दौरान कितनी सभा बैठकें आयोजित की गई	उपस्थिति	पिछली वार्षिक साधारण बैठकों में उपस्थिति
श्री ज्ञानेश पाण्डेय	6	6	हां
श्रीमती विजया श्रीवास्तव	6	5	हां
श्री के. सी. सामरिया	6	6	हां
श्री एस. के. जैन	6	6	हां
श्री देवीदास दत्ता	5	5	नहीं
श्री अनील ए. मसंद	5	5	नहीं
प्रो. सुशील	5	4	नहीं

घ. सामान्य निकाय बैठकें

वार्षिक सामान्य बैठक (Annual General Meeting)

गत 3 (तीन) वार्षिक सामान्य बैठकें निम्नानुसार आयोजित की गई हैं :–

वित्तीय वर्ष	दिनांक	समय	स्थान
2014–15	02.11.2015	दोपहर 12:30 बजे	कमेटी कमरा नम्बर 155, " ए " विंग, प्रथम तल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली
2013–14	19.09.2014	दोपहर 12:30 बजे	कमेटी कमरा नम्बर 155, " ए " विंग, प्रथम तल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली
2012–13	31.07.2013	प्रातः 11:00 बजे	कमेटी कमरा नम्बर 155, " ए " विंग, प्रथम तल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली

च. निदेशकों की शेयर–होल्डींग का प्रतिरूप

कुल 2,40,01,800 इक्विटी शेयर पूंजी में से (100 प्रति शेयर के 240018 इक्विटी शेयर) शेयरों का आधिपत्य है।

निदेशकों के नाम	एच एस सी सी के शेयरों की संख्या
श्री ज्ञानेश पाण्डेय, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	6
श्री के. सी. सामरिया, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	6
श्रीमती विजया श्रीवास्तव, अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	शून्य
श्री एस. के. जैन, निदेशक (इंजीनियरिंग)	6
श्री देवीदास दत्ता, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	शून्य
श्री अनील ए. मसंद, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	शून्य
प्रो. सुशील, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	शून्य

इसके अतिरिक्त, इन शेयरों का आधिपत्य भारत के राष्ट्रपति की ओर से है।

छ. शेयरधारक शिकायत निवारण समिति

यह कम्पनी पूर्णतया भारत सरकार के स्वामित्व में है तथा (जिसके शेयर पंजीकृत नहीं हैं), इसके शेयर महामहिम राष्ट्रपति एवं उनके नामितियों के पूर्णतया स्वामित्व में है, इसलिए कम्पनी ने कोई शेयरधारक शिकायत निवारण समिति गठित नहीं की है।

ज. ऑडिट समिति (Audit Committee)

ऑडिट समिति (Audit Committee) की संरचना निम्नवत दी गई है :–

सी.ए. श्री अनील ए. मसंद, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	–	अध्यक्ष
श्री देवीदास दत्ता, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	–	सदस्य
प्रो. सुशील, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	–	सदस्य
सी.ए. ए. के. अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक	–	सदस्य
सी.ए. रविन्द्र कुमार पाठक, उप–महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) तथा कम्पनी सचिव	–	समिति का सदस्य

अप्रैल, 2015 से मार्च, 2016 के दौरान ऑडिट समिति (Audit Committee) की (8वीं से 10वीं) तीन बैठक एच एस सी सी कॉरपोरेट कार्यालय, नौएडा में दिनांक 30.06.2015, 28.08.2015 तथा 30.12.2015 को आयोजित की गई है।

दिनांक 01.01.2016 को सी.ए. श्री अनील ए. मसंद, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक (अध्यक्ष), श्री देवीदास दत्ता, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक (सदस्य) तथा प्रो. सुशील, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक (सदस्य) का कार्यकाल समाप्त हो गया है।

दिनांक 29.03.2016 को आयोजित बोर्ड की 143वीं बैठक में नई आडिट समिति का गठन हुआ है। नई आडिट समिति के सदस्यों के नाम निम्नलिखित दिये गये हैं :–

1. श्रीमती विजया श्रीवास्तव – अध्यक्ष
   {अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय}
2. श्री के. सी. सामरिया – सदस्य
   { संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय }
3. श्री एस. के. जैन, {निदेशक (इंजीनियरिंग) } – सदस्य

बैठकें एवं उपस्थिति (Meeting And Attendance)

सदस्य	अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित की गई कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी समिति बैठकों की संख्या	उपस्थिति
सी.ए. अनील ए. मसंद	3	3
श्री देबीदास दत्ता	3	3
प्रो. सुशील	3	3
सी.ए. ए. के. अग्रवाल	3	2

झ. कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और स्थिरता समिति
(Corporate Social Responsibility and Sustainability Committee)

कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी और स्थिरता समिति (Corporate Social Responsibility and Sustainability Committee) की संरचना निम्नलिखित दी गई है :–

प्रो. सुशील, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक – अध्यक्ष
सी.ए. अनील ए. मसंद, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक – सदस्य
श्री देबीदास दत्ता, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक – सदस्य
सी.ए. ए. के. अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक – सदस्य
सी.ए. रविन्द्र कुमार पाठक, उप–महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) तथा कम्पनी सचिव – समिति का सदस्य

अप्रैल, 2015 से मार्च, 2016 के दौरान कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी समिति (Corporate Social Responsibility Committee) की एक बैठक कॉरपोरेट कार्यालय, एच एस सी सी, ई–6(ए), नौएडा में दिनांक 28.10.2015 को आयोजित की गई है।

दिनांक 01.01.2016 को प्रो. सुशील, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक (अध्यक्ष), सी.ए. श्री अनील ए. मसंद, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक (सदस्य) तथा श्री देबीदास दत्ता, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक (सदस्य) का कार्यकाल समाप्त हो गया है। दिनांक 29.03.2016 को आयोजित बोर्ड की 143वीं बैठक में नई आडिट समिति का गठन हुआ है। नई आडिट समिति के सदस्य हैं :–

1. श्रीमती विजया श्रीवास्तव – अध्यक्ष
   {अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय }
2. श्री के. सी. सामरिया – सदस्य
   { संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय }
3. श्री एस. के. जैन, {निदेशक (इंजीनियरिंग) } – सदस्य

बैठकें एवं उपस्थिति (Meeting And Attendance)

सदस्य	अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित की गई परिश्रमिक समिति बैठकों की संख्या	उपस्थिति
प्रो. सुशील	1	1
सी.ए. अनील ए. मसंद	1	1
श्री देबीदास दत्ता	1	1
सी.ए ए. के. अग्रवाल	1	1

ट. पारिश्रमिक समिति (Remuneration Committee)

पारिश्रमिक समिति (Remuneration Committee) की संरचना निम्नलिखित दी गई है :–

श्री देबीदास दत्ता, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	–	अध्यक्ष
प्रो. सुशील, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	–	सदस्य
सी.ए. अनील ए. मसंद, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	–	सदस्य
सी.ए. ए. के. अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक	–	सदस्य
सी.ए. रविन्द्र कुमार पाठक,उप–महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) तथा कम्पनी सचिव	–	समिति का सदस्य

अप्रैल, 2015 से मार्च, 2016 के दौरान, पारिश्रमिक समिति (Remuneration Committee) की एक बैठक कॉरपोरेट कार्यालय, एच एस सी सी, ई–6(ए), सैक्टर–1, नौएडा में दिनांक 28.10.2015 को आयोजित की गई है।

बैठकें एवं उपस्थिति (Meeting And Attendance)

सदस्य	अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित की गई परिश्रमिक समिति बैठकों की संख्या	उपस्थिति
श्री देबीदास दत्ता	1	1
सी.ए. अनील ए. मसंद	1	1
प्रो. सुशील	1	1
सी.ए ए. के. अग्रवाल	1	1

दिनांक 01.01.2016 को श्री देबीदास दत्ता, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक (अध्यक्ष), प्रो. सुशील, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक (सदस्य) तथा सी.ए. श्री अनील ए. मसंद, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक (सदस्य) का कार्यकाल समाप्त हो गया है। दिनांक 29.03.2016 को आयोजित बोर्ड की 143वीं बैठक में नई पारिश्रमिक समिति (Remuneration Committee) का गठन हुआ है। पारिश्रमिक समिति (Remuneration Committee) के सदस्यों के नाम निम्नलिखित हैं :–

1. श्रीमती विजया श्रीवास्तव – अध्यक्ष
   (अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय)
2. श्री के. सी. सामरिया – सदस्य
   (संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय)

ठ. स्वतन्त्र निदेशक समिति बैठक (Independent Directors Committee Meeting)

स्वतन्त्र निदेशक समिति की संरचना निम्नलिखित दी गई है :–

श्री देबीदास दत्ता, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	–	अध्यक्ष
प्रो. सुशील, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	–	सदस्य
सी.ए. अनील ए. मसंद, अंश–कालिक अ–शासकीय निदेशक	–	सदस्य
